गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2021

10.02.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई – 400051 **प्रतीक: - गेल (ईक्यू)**	2. लिस्टिंग अनुपालन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001 **स्क्रिप कोड - 532155**

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया "गेल ने इंडियन गैस एक्सचेंज में 5% स्टेक का अधिग्रहण किया" की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

उपरोक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है ।

धन्यवाद,
भवदीय,

(एं.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्न: उपरोक्त के अनुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक एजी, फिलियाली मुंबई
टीएसएस और ग्लोबल इक्विटी सर्विसेज
द कैपिटल, 14 वीं मंजिल
सी -70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
मुंबई -400051

ध्यानाकर्षण - सुश्री अपर्णा सलुंके

गेल ने इंडियन गैस एक्सचेंज में 5% स्टेक का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली, फरवरी 10, 2021: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने इंडियन गैस एक्सचेंज लिमिटेड में 5% इक्विटी स्टेक के अधिग्रहण हेतु आईजीएक्स एवं इंडियन एनर्जी एक्सचेंज लिमिटेड (आईईएक्स), आईजीएक्स के प्रवर्तक एवं मूल कंपनी के साथ शेयर क्रय एवं शेयरधारक करार (एसपीएसएचए) पर हस्ताक्षर किए।

भारत का प्रथम स्वचालित डिलीवरी-आधारित गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, आईजीएस को माननीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा जून 2020 में लॉन्च किया गया था, तत्पश्चात पीएनजीआरबी ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (गैस एक्सचेंज) विनियमन, 2020 को अधिसूचित किया। आईजीएक्स के पास विनियमन के अंतर्गत 25 वर्षों की अवधि के लिए गैस एक्सचेंज के रूप में प्रचालन करने का आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त है। गेल पहले से ही आईजीएक्स का सदस्य है और अब शेयरधारक के रूप में भी शामिल हो गया है।

श्री शांतनु रॉय, कार्यकारी निदेशक (बीडी एंड सीए), गेल, श्री राजेश कुमार मेंदीरत्ता, निदेशक, आईजीएक्स और श्री विनीत हरलालका, सीएफओ व कंपनी सचिव, आईईएक्स ने एसपीएसएचए पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर श्री एम. वी. अय्यर, निदेशक (व्यापार विकास), गेल ने कहा कि "गेल भारत में सदैव गैस उद्योग के विकास के लिए प्रतिबद्ध और अग्रणी रहा है। गेल पहले से ही आईजीएक्स के प्रारंभिक सदस्यों में से एक है और आईजीएक्स का इक्विटी पार्टनर बनकर प्रसन्न है। जैसा कि देश स्थायी ऊर्जा अर्थव्यवस्था के निर्माण हेतु अग्रसर हो रहा है, इस दिशा में गेल और आईजीएक्स के बीच साझेदारी गैस बाजारों के और अधिक विकास हेतु एक प्रयास है।"

देश के प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत सरकार गैस ट्रेडिंग एक्सचेंजों को बढ़ावा दे रही है जहाँ एक कुशल मार्केट-आधारित तंत्र के माध्यम से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति / व्यापार किया जा सकता है। अनुमान है कि यह साझेदारी प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने के लिए भारत सरकार के विज़न को प्राप्त करने में एक भूमिका निभाएगी।

गेल के बारे में:

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जिसकी प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला के व्यापार, संचरण, एलपीजी का उत्पादन एवं संचरण, एलएनजी री-गैसीफिकेशन, पेट्रोकेमिकल्स, शहर गैस, ईएंडपी आदि के क्षेत्र में विविध हित है । यह देश के सभी भागों में फैले लगभग 13,250 किलोमीटर लंबा प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क का स्वामित्व और

प्रचालन करता है। यह पाइपलाइन के और अधिक विस्तार हेतु विविध पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन पर समवर्ती रूप से कार्य भी कर रहा है। गेल का गैस ट्रांसमिशन में 70% बाजार हिस्सेदारी है और भारत में ~ 50% से अधिक गैस ट्रेडिंग की हिस्सेदारी है। शहर गैस वितरण में भी गेल और इसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों की सुदृढ़ बाजार हिस्सेदारी है। द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) बाजार में गेल का पोर्टफोलियो काफ़ी बड़ा है। गेल सौर, पवन और जैव ईंधन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में अपनी उपस्थिति का विस्तार भी कर रहा है। गेल के बारे में जानकारी हेतु: www.gailonline.com देखें।

आईजीएक्स एवं आईईएक्स के बारे में:

एनएसई और बीएसई के साथ सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी आईईएक्स भारत में प्रथम और सबसे बड़ी ऊर्जा विनिमय कंपनी है, जो विद्युत, नवीकरणीय पॉवर, नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र और ऊर्जा बचत प्रमाणपत्रों की भौतिक डिलीवरी के लिए एक राष्ट्रव्यापी और स्वचालित व्यापार प्लेटफार्म प्रदान करती है। केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अनुमोदित एवं विनियमित आईईएक्स वर्ष 2008 से प्रचालन कर रही है। वर्ष 2020 में संस्थापित आईजीएक्स, आईईएक्स की सहायक कंपनी है और प्राकृतिक गैस की भौतिक डिलीवरी हेतु राष्ट्रीय-स्तर का पहला स्वचालित ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है। आईजीएक्स पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) से गैस एक्सचेंज विनियम, 2020 के अंतर्गत प्राधिकरण प्राप्त करने वाला देश का पहला गैस एक्सचेंज भी है।